# केन्द्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद्

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार
जवाहर लाल नेहरू भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी अनुसंधान भवन
नं .61-65, सांस्थानिक क्षेत्र, सम्मुख 'डी' ब्लॉक, जनकपुरी, नई दिल्ली – 110058
ईमेल :dg-ccras@nic.in , वैबसाइट : www.ccras.nic.in
टेलीफ़ोन : 011-28525852


## विज्ञापन 2024 (जून बैच)

## सीसीआरएएस पोस्ट डॉक्टरल फैलोशिप योजना

1. **केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस)**, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार का एक शीर्ष स्वायत्त निकाय है जोकि आयुर्वेद में अपने 30 संस्थानों के माध्यम से और विभिन्न विश्वविद्यालयों, अस्पतालों और संस्थानों के साथ सहयोगात्मक अध्ययन के माध्यम से वैज्ञानिक विधि से अनुसंधान, समन्वय, विकास और संवर्धन के लिए समर्पित है। परिषद की अनुसंधान गतिविधियों में औषधीय पादप अनुसंधान (मेडिको-एथनो बॉटनिकल सर्वे, फार्माकोग्नॉसी एंड टिश्यू कल्चर), ड्रग मानकीकरण, फार्माकोलॉजिकल रिसर्च, क्लिनिकल रिसर्च, साहित्यिक अनुसंधान, प्रलेखन और विभिन्न आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से स्वास्थ्य रक्षण हेतु अनुसंधान कार्यक्रम शामिल हैं।
2. परिषद ने आयुष मंत्रालय के अनुमोदन से **"सीसीआरएएस पोस्ट डॉक्टरल फैलोशिप योजना"** शुरू की है, ताकि अभिनव विचारों वाले होनहार युवा शोधकर्ताओं का चयन कर उन्हें विभिन्न बहु-आयामी क्षेत्रों में प्रशिक्षण और अनुसंधान के अवसर प्रदान किए जा सकें। इस योजना का उद्देश्य परामर्शजन्य पथ से हटकर स्वतंत्र अनुसंधान पथ निर्माण में उनके परिवर्तन को सुविधाजनक बनाना है। **सीसीआरएएस द्वारा आयुर्वेद के नए पीएचडी/पीजी डिग्री धारकों एवं सम्बंधित विज्ञान विधाओं के पीएचडी डिग्री धारकों को हर साल ऐसी दस (10) फेलोशिप देना प्रस्तावित है।** सीएसआईआर, आईसीएमआर, डीबीटी, राष्ट्रीय संस्थानों, मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों और आयुष के राष्ट्रीय संस्थानों आदि जैसे प्रतिष्ठित संगठनों में संबंधित विज्ञान विषयों के धारकों को फैलोशिप संस्थान / केंद्र की जरूरतों के आधार पर महानिदेशक, सीसीआरएएस द्वारा आवंटित की जाएगी।
3. **पात्रता:**

(i) सीसीआरएएस पोस्ट डॉक्टरल फैलोशिप केवल भारतीय नागरिकों के लिए उपलब्ध है। आवेदक भारतीय नागरिक होना चाहिए।

(ii) **आयुर्वेद विषय के लिए:** आयुर्वेद के कोई भी पीएचडी/पीजी डिग्री धारक पीएचडी/पीजी डिग्री प्राप्त करने के तीन साल के भीतर आवेदन कर सकते हैं लेकिन अगर पीएचडी/पीजी जारी है, तो वे पीडीएफ के लिए आवेदन नहीं कर सकते हैं। कोई भी आयुर्वेद उम्मीदवार, जिन्होंने पीएचडी/पीजी थीसिस जमा की है और अपनी अस्थायी पीएचडी/पीजी डिग्री प्राप्त की है, वे पीडीएफ के लिए आवेदन कर सकते हैं।

(iii) **अन्य संबद्ध विज्ञान विषयों के लिए:** संबद्ध विज्ञान विषयों का कोई भी पीएचडी डिग्री धारक पीएचडी डिग्री प्राप्त करने के तीन साल के भीतर आवेदन कर सकता है। कोई भी संबद्ध विज्ञान के उम्मीदवार, जिन्होंने पीएचडी थीसिस जमा की है और अपनी अस्थायी पीएचडी डिग्री प्राप्त की है, वे भी पीडीएफ के लिए आवेदन कर सकते हैं।

(iv) आवेदकों के पास उच्च प्रभाव कारक एससीआई पत्रिकाओं में शोध प्रकाशन होना चाहिए।

4. **आवेदन की अंतिम तिथि : 30 जून, 2024 (जून, 2024 बैच के लिए)।**
5. **अधिकतम आयु सीमा:**

(i) आवेदन की अंतिम तिथि को उम्मीदवार की आयु 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवारों और महिला उम्मीदवारों के मामले में अधिकतम 5 वर्ष एवं ओबीसी (गैर-क्रीमी परत) उम्मीदवारों के मामले में 3 वर्ष तक की छूट होगी।

(ii) योग्य उम्मीदवारों के लिए पूर्व में किए गए कार्य, प्रकाशन, पुरस्कार आदि के आधार पर अधिकतम 3 वर्ष तक की आयु में छूट दी जा सकती है। इस विषय में महानिदेशक, सीसीआरएएस स्क्रीनिंग कमेटी की सिफारिश पर विचार कर सकते हैं और छूट दे सकते हैं।

6. **कार्यकाल:**

सीसीआरएएस पोस्ट डॉक्टरल फेलोशिप दो साल के कार्यकाल के लिए एक पूर्णकालिक शोध कार्य है तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं विश्वविद्यालय/संस्थान/प्रयोगशाला में उपदेशक जहां वह शोध कर रहे हैं, उनकी सिफारिश के आधार पर और महानिदेशक, सीसीआरएएस के अनुमोदन पर अधिकतम एक और वर्ष के लिए विस्तार योग्य है।

7. **पारिश्रमिक:**

(i) सीसीआरएएस पोस्ट डॉक्टरल फेलो को भारतीय रुपये 60,000/- प्रति माह की समेकित फेलोशिप और स्वीकार्य रूप से हाउस रेंट अलाउंस (एचआरए) और प्रति वर्ष 3.00 लाख रुपये के आकस्मिक अनुदान का भुगतान किया जाएगा।

(ii) आकस्मिक अनुदान का उपयोग छोटे उपकरण, उपभोग्य सामग्रियों और आकस्मिकताओं के लिए किया जा सकता है। इस योजना के तहत जनशक्ति सहायता प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं है। अध्येता से अपेक्षा की जाती है कि वह अध्येतावृत्ति की पूरी अवधि के दौरान स्वयं अनुसंधान उद्देश्यों को पूरा करेगा।

(iii) आकस्मिक अनुदान का 25% घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए दैनिक खर्च सहित उपयोग किया जा सकता है।

(iv) अध्येता फेलोशिप की अवधि के दौरान किसी भी सरकारी या गैर-सरकारी स्रोत से कोई अन्य फेलोशिप प्राप्त करने के लिए पात्र नहीं हैं।

(v) फेलोशिप का उपयोग पीडीएफ प्रस्ताव के लिए अनुमोदित शोध कार्य के अतिरिक्त किसी अन्य शोध कार्य के लिए नहीं किया जा सकता है।

8. **आवेदन कैसे करें:**

यह प्रोग्राम विशेष रूप से ऑनलाइन आवेदन स्वीकार करता है और किसी भी प्रकार के कागज़ी दस्तावेज़ द्वारा आवेदन स्वीकार नहीं कियें जायेंगे। यदि आवेदन पूरा करते समय कोई कठिनाई आती है तो उम्मीदवार सहायता के लिए परिषद से संपर्क कर सकते हैं। आवेदक को जून महीने में सीसीआरएएस पीडीएफ पोर्टल (pdf.ccras.org.in) पर पंजीकरण करना होगा तत्पश्चात फॉर्म, शोध प्रस्ताव और आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन जमा करने होंगे। आवेदक पंजीकरण/आवेदन लिंक (1 जून, 2024) खोलने से पहले सभी संबंधित दस्तावेज तैयार कर सकते हैं।

9. **चयन का तरीका:**

आवेदन पत्र और अपलोड किए गए दस्तावेजों की प्रारंभिक जांच के बाद, शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को उनके प्रस्तावित शोध प्रस्ताव की प्रस्तुति के लिए बुलाया जाएगा, जिसके बाद विशेष रूप से गठित समिति द्वारा साक्षात्कार किया जाएगा। अंतिम चयन प्रस्तावित अनुसंधान परियोजना की प्रस्तुति पर आधारित होगा जिसके बाद विशेष रूप से गठित समिति द्वारा लघु सूचीबद्ध उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया जाएगा। प्रस्तुति/साक्षात्कार के लिए चयनित उम्मीदवारों को जुलाई, 2024 में ईमेल द्वारा सूचित किया जाएगा।

**cbc 17216/12/0001/2425**

**प्रशासनिक अधिकारी (भर्ती)**